
# एलीशा



© 2021 Comic Bible Society, LLC


एलीशा ने अपने दुख के प्रतीक के रूप में अपने वस्त्र फाड़े क्योंकि उसका गुरू, एलिय्याह चला गया।
रिपप्प!
एलीशा ने एलिय्याह के चद्दर को ले लिया। यह इस बात का प्रतीक था कि एलिय्याह का आत्मा उस पर उतर आया है।
एलिय्याह का परमेश्वर ,प्रभु अब कहाँ है?
एलिय्याह का आत्मा एलीशा पर ठहर गया है।
भविष्यवकताएँ झुककर दण्डवत केने लगे, जो एलीशा के प्रति उनकी अधीनता को दर्शाता है - अब इस्राएल का बड़ा भविष्यवक्ता है।
हमारे पास 50 सक्षम पुरुष हैं, उन्हें जाने दे और तेरे स्वामी को ढूंढने दे।
शायद परमेश्वर का आत्मा ने उसे उठा कर, और किसी पहाड़ या तराई पर डाल दिया होगा।
नहीं - उन्हें मत भेजो।






II Kings 2:16-22



जब एलीशा बेतेल के नगर से होकर चला तो कुछ जवानों ने उसका उपहास किया।
यहाँ से निकल जा गंजे!
हाँ गंजे - तेरे लिए यहाँ कोई जगह नहीं है!
परमेश्वर के भविष्यवक्ता का उपहास करना परमेश्वर का उपहास करना है।
हे प्रभु - इन जवानों को तेरे धर्मरूपी न्याय के अनुसार अनुशासित कर - क्योंकि उन्होंने तेरा उपहास करना चुना है!
यहहह!
मेरी बाह फाड दी गई है!
दो रीछनियों ने 42 जवानों को फाड़ डाला और एलीशा वहाँ से निकलकर शोमरोन की राजधानी को चला गया।






II Kings 3:1-10


यहोशापात पूछता है कि हमारे साथ क्या कोई प्रभु का भविष्यवक्ता है?
एलिय्याह का सहयोगी, एलीशा यहाँ है।
वह ऐसा मनुष्य है जैसा हमें चाहिए।
हे इस्राएल के राजा, हमे एक दूसरे के साथ क्या करना है?
तेरे माता और पिता के झूठे भविष्यवक्ताओं के पास जा!
नहीं! क्योंकि यह प्रभु है जिसने हमे मोआब के राजा के हाथ नष्ट होने के लिए यहाँ बुलाया है!
यहोवा परमेश्वर के जीवन की शपथ मै तेरे पास नहीं आता केवल यहूदा के राजा यहोशापात के लिए।
अब किसी को वीणा बजाने के लिए मेरे पास ले आ।
प्रभु कहता है इस सुखी तराई को गढ्डों से भर दो कि वे पानी से भर जाए जो।
तुम आंधी या वर्षा नहीं देखोगे, परन्तु यह तराई पानी से भर जाएगी, और तुम्हारे लिए और तुम्हारे जानवरों के लिए बहुत होगी।
लेकिन यह केवल शुरूआत है, क्योंकि प्रभु तुझे मोआब की सेना के ऊपर जयवंत बनाएगा!
तू उनके उत्तम शहरों को जीतेगा यहाँ तक उनको जो मजबूत है -- और सभी पत्थर वाले अच्छे भूमि को नाश करेगा।


अगली सुबह भोर को जब उन्होंने एदोम की ओर देखा।
जैसे भविष्यवकता ने कहा यह बिल्कुल वैसा है - हर जगह पानी ही पानी है!
मोअबियों ने हर उस पुरुष को तैयार किया जो सीमा पर लड़ सके।
खून! [1]
तीनों सेनाओं ने आक्रमण किया और एक दूसरे को मार डाला!
आओ चलें और लूट को इकट्ठा करें!
[1] सूर्य के किरणें और लाल रेतीले पत्थर के मिश्रण ने पानी को लाल रंग दिया।
लेकिन इस्राएली सेना ने मोआबी सेना पर हमला किया और उन्हें मार डाला।
मैंने सोचा वे मर गए थे!
जान बचाने के लिए भागो!


इस्राएली आगे बढ़े।
उन्होंने हर अच्छी भूमि पर पत्थर फेका, कुओं को बंद कर दिए, फल वाले पेड़ो के तोड़-गिराया और हर शहर पर विजय प्राप्त किया।
युद्ध को हारते हुए देखकर, मोआब का राजा 700 तलवारबाजो को लेकर एदोम के राजा तक पहुँचने की कोशिश किया।
इससे हारने के बाद - वह दोनों सेनाओं के सामने शहरपनाह पर चढ़ गया।
वह क्या कर रहा है?
वह अपने बेटे को एक बलिदान के रूप में उनके देवता केमोश को चढ़ा रहा है।
राजा के इस बलिदान ने मोअबियों को और तेजी से लड़ने के लिए उत्तेजित किया।
अंत में, इस्राएली सेना घर वापस लौट गए।


एलीशा की और कहानियाँ ।
मेरा पति - भविष्यवकताओं के समूह में से एक था – वह मर चुका है ।
अब एक ऋणदाता रुपये मांग रहा है, नहीं तो वह मेरे दोनो बेटों को दास के रुप में ले जाएगा ।
तेरे घर में कितना भोजन है?
केवल एक कुप्पी जैतून के तेल के अलावा, बिल्कुल कुछ नहीं ।
अपने पड़ोसियों से बर्तन और प्याले ले आ ।
"अपने बेटों के साथ अपने घर जा ।"
" जैतून के तेल को बर्तनों और प्यालों में भर - जो भर जाते हैं उन्हें किनारा कर ।"
मुझे दूसरा बर्तन दे ।
परन्तु और नहीं है!
तब तेल का बहना बंद हो गया ।
प्रभु ने आश्चर्यकर्म से सभी प्याले भरने तक तेल का प्रबंध किया ।
जा और तेल को बेच और अपने कर्ज़ भक्तान कर । तू और तेरे बेटे को जीने के लिए पर्याप्त रुपये होंगे ।



II Kings 4:1-7


शूनेम शहर में, एलीशा और उसके सेवक जब भी वे वहाँ से गुजरते थे, एक प्रमुख महिला के घर खाने के लिए आमंत्रित किया जाता था।
यह मनुष्य एक पवित्र भविष्यवक्ता है। एक खाट, मेज, कुर्सी और दीवट के साथ छत पर उसके लिए एक कमरा बनाएं, ताकि वह जब भी आए, यहाँ ठहर सके।
उनकी अगली यात्रा ....
स्त्री को बोलो कि मैं उससे बात करना चाहता हूँ।
हमारे प्रति तेरी दया की हम तारीफ करते हैं। हम तेरे लिए क्या करें - तेरी चर्चा क्या राजा और प्रधान सेनापति से की जाए?
नहीं - मैं बिल्कुल संतुष्ट हूँ।
हम उसके लिए क्या कर सकते हैं?
उसका कोई पुत्र नहीं है, और उसका पति बूढ़ा है।
उसे फिर से बुलाओ।






II Kings 4:15-20


उसने अपने मृतक पुत्र को भविष्यवकता की खाट पर लिटा दिया।
सेवकों में से एक को एक गधे के साथ भेज। ताकि मैं भविष्यवकता के यहाँ जल्दी जा सकूँ और जल्दी लौट सकूँ।
आज क्यों? यह कोई धार्मिक अवकाश का दिन नहीं है।
यह महत्त्वपूर्ण है। मुझे जाना है।
जल्दी! जब तक मैं न कहूँ तब तक मेरे सुविधा के लिए धीरे मत चलना।
देखो, शुनेमवासी स्त्री आ रही है। दौड़ो और उससे मिलो और उससे पूछो क्या समस्या है।
देखो कि उसका पति कुशल से है और उसका लड़का ठीक है।
मेरा स्वामी जानना चाहता है कि सब कुछ कुशल है ।
हाँ, सब कुछ कुशल है।


तुम्हें पकड़ने की जरूरत नहीं है....
उसे अकेले छोड़ दो; उसे कुछ तो बहुत परेशान कर रहा है, और प्रभु ने मुझे बताया नहीं कि क्या हुआ है।
तूने मुझसे कहा था कि मेरा एक पुत्र होगा। और मैंने तुमसे विनती की कि मुझसे झूठ न बोल!
परमेश्वर की जीवन की शपथ, मैं तेरे बिना घर नहीं जाऊंगी।
मेरी छड़ी को ले! जल्दी कर और छड़ी लड़के के मुँह पर रख दो।
एलीशा का सेवक, गेहजी, उनके आगे दौड़ा।
मैंने छड़ी को लड़के के मुँह पर रख, लेकिन कुछ नहीं हुआ - लड़का अभी भी मरा पड़ा है।
और एलीशा ने प्रभु से प्रार्थना किया।


उसने अपना मुँह लड़के के मुँह पर, अपनी आँखें उसकी आँखों पर और अपने हाथ उसके हाथों पर रख दिया - और शरीर फिर से गर्म होने लगा।
तब भविष्यवकता घर में इधर-उधर टहलने लगा; तब वह फिर से लड़के पर पसर गया।
लड़का सात बार छींका।
हचचो! हचचो!
उसे अंदर बुलाओ।
अपने बेटे को ले-ले।


एलीशा गिलगाल में भविष्यवकताओं की संगति में लौटा, जहाँ अकाल पड़ा था।
एक बड़ा हण्डा चढ़ाकर कुछ पका कि हम भविष्यवकताओं को खिला सके।
जवान भविष्यवकताएँ खिचड़ी के लिए साग तोड़ने मैदान को गए ।
हे परमेश्वर के जन, हण्डे में मृत्यु है - खिचड़ी में जहरीला फल है!
कुछ मैदा ले आओ।
अब खाने के लिए उन्हें परोसो।
एलीशा के मैदा डालने के बाद हण्डे में कुछ भी हानि की वस्तु न रही।
अद्भुत - परमेश्वर सच में एलीशा के साथ है।
उसे देखकर और सुनकर हम परमेश्वर के साथ चलना सीख सकते हैं।




II Kings 4:42-44


नामान, अरामी सेना का सेनापति, एक शूरवीर था और उसके राजा की दृष्टि में प्रतिष्ठित व्यक्ति था, लेकिन उसे एक समस्या थी ।
एक चर्म रोग ।
उसकी पत्नी के पास एक इस्राएली दासी थी जो इस्राएल से पकड़ी गयी थी ।
यदि केवल मेरा स्वामी उस भविष्यवकता से मिले जो शोमरोन में है!
वह उसे उसकी बीमारी से चंगा कर सकता है ।
मेरी पत्नी ने मुझे इस्राएल के एक भविष्यवकता के बारे में बताया है जो चंगा कर सकता है और परमेश्वर के द्वारा आश्चर्यकर्म करता है - तेरा सेवक पता लगाए?
निश्चित रूप से जाओ - और मैं इस्राएल के राजा को एक पत्र भेजूंगा
नामान 750 किक्कार चांदी, 150 किक्कार सोना और दस जोड़े वस्त्र के साथ इस्राएल को रवाना हो गया ।



II Kings 5:1-5


अरामी राजा क्या कर रहा है, "इस पत्र के साथ मैं अपने सेवक नामान को तेरे पास भेज रहा हूँ ताकि तू उसे उसके बीमारी से चंगा कर सके।
मैं उसके साथ एक बड़े युद्ध का अपराधी हूँ।
क्या मैं परमेश्वर हूँ? क्या मैं मार सकता हूँ और जीवित कर सकता हूँ?
यह व्यक्ति क्यों किसी को मेरे पास चंगाई के लिए भेजता है?
वह मेरे साथ झगड़ा करने की कोशिश कर रहा है!
हे महाराज, भविष्यवकता एलीशा की ओर से संदेश है।
"तूने अपने वस्त्र क्यों फाडे?"
" उस मनुष्य को मेरे पास आने दो और वह जान जाएगा कि इस्राएल में एक भविष्यवकता है।"
खुशी से। इस अरामी सेनापति को एलीशा के घर भेजो।
देखते हैं वह उसके साथ क्या कर सकता है?
मेरा स्वामी तेरे लिए कहता है कि यरदन जा और सात बार अपने आपको धो, और तेरा चर्म चंगा हो जाएगा - और तू शुद्ध हो जाएगा।






II Kings 5:11-14



अब मैं जान गया हूँ कि पूरे विश्व में इस्राएल के परमेश्वर को छोड़ कोई परमेश्वर नहीं है।
कृपया तेरे सेवक से भेंट को ग्रहण कर।
परमेश्वर के जीवन की शपथ, जिसकी सेवा मैं करता हूँ, मैं कुछ भी नहीं लूँगा।
कृपया - मुझे चंगा करने के लिए तूने एक बड़ा आश्चर्यकर्म किया है ।
इस्राएल के प्रभु परमेश्वर ने तुझे चंगा किया है।
तो मुझे दो खच्चर जितना उठा सकें उतनी मिट्टी लेने दे - क्योंकि तेरा सेवक कभी भी अन्य देवताओं को होमबलि और बलिदान नहीं चढ़ाएगा परन्तु केवल प्रभु को।
कुशल से जा।
" लेकिन प्रभु एक बात के लिए तेरे दास को क्षमा कर: जब मेरा स्वामी रिम्मोन के मंदिर में दण्डवत करने के लिए प्रवेश करे और वह मेरे बाँहो में झुके..."
"और मुझे वहाँ भी दण्डवत करना है - प्रभु तेरे सेवक को इसके लिए क्षमा करे।"
मेरा स्वामी इस अरामी नामान के प्रति बहुत सहज था, उसके उदार उपहारों को स्वीकार नहीं किया।
प्रभु के जीवन की शपथ, मैं उसके पीछे दौड़ूंगा और अपने लिए कुछ ले लूँगा।






II Kings 5:21-27


देखो, जिस स्थान पर हम तुमसे मिलते हैं हमारे लिए बहुत ही छोटा है।
आओ यरदन को चले, जहाँ हम सब को एक एक बल्ली मिल सकती है; और हमारे रहने के लिए वहाँ एक स्थान बनाएं।
जा।
क्या तू तेरे सेवकों के साथ चलेगा?
मैं जाऊंगा
ओह नहीं, मेरे प्रभु - कुल्हाड़ी तो मांगी हुई थी।
वह कहाँ गिरी ?
वह वहाँ गिरी।
एलीशा ने एक लकड़ी काटी और उसे उस स्थान पर फेंक दी....
...लोहा ऊपर तैरने लगा।
उसे उठा लो।


II Kings 6:1-7






II Kings 6:8-14



II Kings 6:15-17


"हे प्रभु, इस सेना को अंधा कर दे।"
और परमेश्वर ने सेना को अंधा कर दिया।
यह सड़क नहीं है, और यह शहर नहीं है।
मेरे पीछे हो लो, और मैं उस मनुष्य की ओर जिसे तुम ढूंढ रहे हो तुम्हारी अगुवाई करूँगा।
और उसने उन्हें इस्राएल की राजधानी सामरिया को ओर ले गया।
हे प्रभु, इन पुरुषों की आँखे खोल दे कि वे देख सकें।
नहीं - हम इस्राएल के शहर में है।
वे हमें मार डालेंगे।
क्या मैं उन्हें मारूँ, हे मेरे पिता? क्या मैं उन्हें मारूँ?
क्या हम युद्ध के कैदियों को मारते हैं?
उन्हें खाने -पिने को दो ताकि वे खा सकें और पी सकें और अपने स्वामी के पास लौट जाएं।
एलीशा के वचन के अनुसार, राजा ने अरामी सेना के लिए एक बड़ा भोज तैयार किया।
खाने -पिने के बाद, वे उनके स्वामी के पास लौट गए।
और उन्होंने इस्राएल की सीमा पर छापा मारना बंद कर दिए।


बाद में, आराम का राजा लौटा, और उसने उसकी पूरी सेना को इस्राएल की राजधानी सामरिया पर कब्जा करने के लिए भेजा ।
छापा मारने के कारण इतना भयानक अकाल पड़ा कि एक गधे का सिर दो किक्कार चांदी में बिका ।
मेरी मदद कर, हे मेरे प्रभु राजा!
यदि प्रभु तेरी मदद न करे, मैं तेरे लिए कहाँ से मदद लाऊं? क्या खलिहान में से?
दाखरस के कुण्ड में से? क्या बात है?
इस स्त्री ने मुझसे कहा, "अपना बेटा दे कि हम आज उसे खा ले, और कल हम मेरे बेटे को खाएंगे ।"
तब, मेरे बेटे को हमने पकाकर खा लिया । अगला दिन मैंने उसको कहा, "अपना बेटा दे कि उसे खा लें," लेकिन उसने उसे छिपा लिया ।
परमेश्वर मेरे साथ बर्ताव करे, वरन इससे भी अधिक करे, यदि मैं शापात के पुत्र के एलीशा का सिर उसके धड़ पर बना रहे!



क्या तू नहीं देखता कि यह ख़ूनी कैसे किसी को मेरा सिर काटने भेज रहा है?
देखो, जब दूत आए, उसके लिए दरवाजा बंद कर देना । क्या उसके स्वामी के पांव की आहट उसके पीछे नहीं है?
यह विपत्ति परमेश्वर की ओर से है । मैं आगे क्यों प्रभु की प्रतीक्षा करूं?
प्रभु के वचन सुनो ।
परमेश्वर इस प्रकार कहता है: कल इसी समय, शोमरोन के फाटक में सआ भर मैदा एक शेकेल में और दो सआ जौ भी एक शेकेल में बिकेगा ।
देखो, चाहे प्रभु आकाश के झरोखे खोले, तो भी क्या ऐसी बात हो सकेगी?
तू इसे अपने आँखों से देखेगा - लेकिन उसमें से तू कुछ भी नहीं खा पायेगा ।


चार कोढ़ी एक व्याकलुता का सामना कर रहे थे।
हम क्यों यहाँ बैठे बैठे मर जाए? यदि हम कहे, "हम नगर में जाएंगे" - वहाँ अकाल पड़ा है, और हम मर जाएंगे।
और यदि हम यहाँ रुक जाए, तब भी हम मर जाएंगे।
इसलिए, आओ हम अरामियों की छावनी में जाए और आत्म समर्पण करें।
यदि वे हमें छोड़ते हैं, तो हम जीवित रहेंगे; यदि वे हमको मार डाले, तो हम मर जाएंगे।
लेकिन छावनी में कोई नहीं था क्योंकि रात से पहले जब प्रभु ने अरामी सेना को रथों और घोड़ों की और एक भारी सेना की आहट सुनाई थी ....
इस्राएल के राजा ने हित्ती और मिस्री राजाओं को वेतन पर बुलवाया है कि हम पर चढ़ाई करें!
अपने जीवन बचाने के लिए भागो!
मैं हमारे अच्छे भाग्य पर विश्वास नहीं कर पा रहा!
हम धनवान है।
जो हम कर रहे हैं वह सही नहीं है। यह एक सुभ-सन्देश का दिन है और हमने इसे अपने तक रखा है।
यदि हम सवेरे तक की प्रतीक्षा करें, दण्ड हम तक आ पहुँचेगा। आओ हम तुरंत जात हैं और राजकीय भवन को इसकी सूचना देते है।

II Kings 7:3-9



हम अरामी के छावनी में गए और वहाँ कोई भी नहीं था - किसी की कोई आवाज़ नहीं - केवल बंधे हुए घोड़े और गधे हैं और डेरे जैसे के तैसे थे ।
अरामी चले गए है!!
मैं तुम्हें बताऊंगा अरामियों ने क्या किया है- वे जानते है कि हम लोग भूखे हैं इस कारण वे हमें जीवित पकड़ने के लिए देहातों में छिपे हैं ।
कुछ पुरुषों को चुनो और पांच घोड़ो को ले लो जो बचे हैं और पता करो क्या हुआ ।
उनका कष्ट बाकी बर्बाद इस्राएल के बचे हुओं से कम न होगा ।
यह सच है - अरामी भाग चुके हैं!
जल्दी - इस खुशखबरी के साथ नगर में वापस जाओ!
कर्मचारी जिसने एलीशा से प्रश्न पूंछा उसे शहर के फाटक पर अधिकार दिया गया - और जब लोग अरामी छावनी को लूटने दौड़े तो वह पैरों तले कुचला गया और मर गया ।
और उस दिन एक शेकेल में बारह सा मैदा बिकेगा और बीस सा जौ एक शेकेल में बिकेगा....जैसे एलीशा ने भविष्यव वाणी की थी ।



शुनेमवासी स्त्री जिसके बेटे को एलीशा ने चंगा किया था वह पलिश्तियों के देश में सात साल तक रही क्योंकि एलीशा ने उसको आनेवाले अकाल के बारे में चेतावनी दी थी।
जब वह वापस लौटी तो कोई और उसके घर और भूमि पर कब्जा कर बेठा, इसलिए वह राजा के पास गई।
उस दिन, गेहजी, एलीशा का दास, राजा को एलीशा द्वारा किए गए बड़े आश्चर्य कर्म के बारे में सुना रहा था, साथ ही स्त्री के बेटे को मृत्यु से जिलाने के बारे में भी।
हे मेरे प्रभु, हे मेरे राजा, यह वही स्त्री है और यह उसका बेटा है जिसे एलीशा ने जिलाया था।
यही पहली अवसर है, मैंने कभी भी किसी व्यक्ति के मृत्यु से पुनः जीवित होने के बारे में नहीं सुना।
जो कुछ उसका है मैं उसे वापस देना चाहता हूँ।...... उसकी भूमि की पूरी आमदनी समेत जो उसके देश छोड़ने से लेकर अब तक की है।
हाँ, मेरे राजा - जैसे तूने कहा वैसा ही होगा।


परमेश्वर ने होरेब पहाड़ पर एलिय्याह को तीन आज्ञाएँ दी थी उसमें से एक आज्ञा को पूरा करने के लिए एलीशा दमिश्क को गया। ( 1 राजा 19:15 - 16)
अराम का राजा बीमार था और जब उसने सुना कि एलिय्याह राजधानी में है, उसने उसके सेवक हजाएल को बुलाया ।
अपने साथ एक भेंट ले जा और परमेश्वर के जन को मिलने जा। उसके द्वारा प्रभु से सम्मति ले और उससे पूंछ यदि मैं इस बीमारी से चंगा हो जाऊंगा ।
राजा एलीशा को एक हितकारी जवाब के लिए प्रभावित करने की आशा रख रहा था और हजाएल को भेंटों से भरे चालीस ऊँट के साथ भेजा।
तेरा बेटा बेन्हदद, अराम के राजा ने मुझे यह पूँछने भेजा है,"क्या मैं इस बीमारी से चंगा होऊँगा?"
जा और उससे कह,"तू निश्चित चंगा हो जाएगा।"
हालांकि, प्रभु ने मुझे प्रगट किया है कि वह निःसंदेह मर जायेगा।
भविष्यवकता ने राजा के दास को ऐसे घूरकर देखा कि हजाएल लज्जित होकर चला गया।
हजाएल शर्मिंदा हुआ क्योंकि उसे मालूम चला कि एलीशा जान गया कि उसने राजा को मारने का षड़यंत्र बनाया।




II Kings 8:12-15





SUPERBIBLE.TV